भाकृअनुप-राष्ट्रीय प्राकृतिक रेशा अभियंत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, कोलकाता में हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह - 2023 का आयोजन

----

29 सितंबर 2023, कोलकाता

संस्थान में दिनांक 29 सितंबर, 2023 को संस्थान के निदेशक डॉ. डी. बी. शाक्यवार की अध्यक्षता में हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह संपन्न हुआ । मंच पर डॉ. डी. बी. शाक्यवार, निदेशक, भाकृअनुप-निनफेट, कोलकाता, मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राम अहलाद चौधरी, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, राजभाषा विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय व संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक एवं हिन्दी पखवाडा समारोह के अध्यक्ष डॉ. वी. बी. शम्भू उपस्थित थे ।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के गीत से हुई । डॉ. डी. बी. शाक्यवार, निदेशक ने प्रो. डॉ. राम अहलाद चौधरी, मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छँ, स्मृति चिन्ह भेंटकर एवं उत्तरीय डालकर अलंकृत किया । निदेशक महोदय ने समारोह के माध्यम से संस्थान में वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों में हिन्दी के बढते उपयोग के बारे में बताया ।

डॉ. वी. बी. शम्भू ने सभागृह में उपस्थित प्रो. डॉ. राम अहलाद चौधरी, मुख्य अतिथि, संस्थान के निदेशक एवं सभी वैज्ञानिक, अधिकारी एवं कर्मचारी का स्वागत किया और हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं को गिनाते हुए विजेता प्रतिभागियों को बधाइयां दीं ।

डॉ. डी. बी. शाक्यवार, निदेशक महोदय ने हिन्दी पखवाडा समारोह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतियोभागियों को प्रथम, दिव्तीय एवं तृतीय पुरस्कारों का अर्पण कर और सभी प्रतियोगिताओं के समन्वयक सह निर्णायक को प्रशंसा चिन्ह भेंट कर अलंकृत किया । हिंदी वैज्ञानिक संगोष्ठी में सर्वश्रेष्ठ शोध लेख प्रस्तुति करने वाले वैज्ञानिकों को प्रथम एवं दिव्तीय पुरस्कार तथा ऑनलाइन व ऑफलाइन भाग लेने वाले वैज्ञानिकों को सहभागिता प्रमाण पत्र अर्पण किए गए ।

समारोह का कुशल संचालन श्री सुजय दास, प्रभारी-हिंदी अनुभाग ने किया और धन्यवाद ज्ञापन इंजी. मनिषा जगदले वैज्ञानिक ने किया ।